तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री से.
न्यूनतम 23.8 डिग्री से.

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

11 नागरिक अस्पताल में रक्त जांच के लिए मारामारी
12 पीएम का दौरा विकास को देगा नई रफ्तार








## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार, केस

**खरखौदा।** खरखौदा पुलिस ने खांडा बाईपास से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार लेकर खांडा बाईपास मोड़ पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान गांव गढ़ी ब्राह्मण निवासी नितिन के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से अवैध पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में घायल युवक पीजीआई खानपुर रेफर

**गन्नौर।** पुरानी सब्जी मंडी में काम कर रहे युवक पर लोहे की रॉड और बेल्ट से हमला करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बीएसटी कॉलोनी निवासी वंश ने बताया कि सोमवार शाम दो बाइक पर आए युवकों ने उसके साथ मारपीट की। एक आरोपित ने लोहे की रॉड से सिर पर वार किया, जबकि अन्य ने बेल्ट और लात-घूंसों से हमला किया। शोर मचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई खानपुर रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नौकरी का झांसा देकर ठगे 28 लाख रुपये

**गोहाना।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 28 लाख रुपये ठगने के आरोप में शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वार्ड-1 निवासी जगजीत सिंह ने शिकायत में बताया कि आरोपितों ने एमटीएस और दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने का भरोसा देकर अलग-अलग किश्तों में बैंक खातों और नकद के जरिए रुपये लिए। भर्ती में चयन नहीं होने पर पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अपहरण मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने युवक का अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के वेस्ट शालीमार बाग निवासी राजेश के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 11 जुलाई को फर्रुखाबाद निवासी शिवम का अपहरण कर फैक्टरी में ले जाकर उसके हाथ-पैर बांधकर लाठी-डंडों से पिटाई की गई और वीडियो भी बनाया गया था। मामले में अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

### 146 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 146 ग्राम हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रविन्द्र उर्फ मीता उर्फ गामआला पुत्र जगबीर निवासी गांव झरोठी, हाल संत कबीर आश्रम, गांव कालूपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को सूचना मिली थी कि आरोपित कार में हेरोइन लेकर झरोठी टोल से सोनीपत की ओर आएगा। इसके बाद कंवाली मोड़ पर नाकाबंदी की गई। कार को रोककर तलाशी लेने पर आरोपी से नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

# पुलिस की वर्दी में लुटेरे, ट्रक चालक से 12.15 लाख की लूट

## यूपी पुलिसकर्मी बनकर ट्रक में बैठे, केजीपी जीरो प्वाइंट पर वारदात कर फरार हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नेशनल हाईवे-44 पर केजीपी पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट के पास यूपी पुलिस की वर्दी पहनकर दो बदमाश ट्रक चालक से 12.15 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। राई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बागपत के पिलाना गांव निवासी चालक अमित ने बताया कि वह दिल्ली के सिरसपुर स्थित गोदाम से भुगतान के 12.15 लाख रुपये लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने ट्रक रुकवाया। इनमें से एक यूपी पुलिस की वर्दी में था। उसने बागपत तक छोड़ने की बात कहकर ट्रक में बैठ गया। कुछ दूर चलने के बाद उसने चालक का




■ आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

मोबाइल कब्जे में लेकर वाहन की तलाशी ली और नकदी से भरा बैग अपने साथी के साथ लेकर फरार हो गया। बदमाशों ने चालक को थाने ले जाने का झांसा देकर कुछ दूर तक अपने पीछे चलवाया और मौका मिलते ही फरार हो गए। सूचना मिलने पर राई थाना पुलिस ने लूट का मामला दर्ज किया। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

# 13 साल से फरार 10 हजार का इनामी ठग पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**सोनीपत।** रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 60 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में सोनीपत पुलिस ने 13 वर्षों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

■ रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये की ठगी का मामला, छह दिन के राहदारी रिमांड पर लाया जाएगा सोनीपत

आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रघुनाथपुरा निवासी सदन सरकार के रूप में हुई है। उसे स्थानीय अदालत में पेश कर छह दिन का राहदारी रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस के अनुसार गांव मकीमपुर निवासी वीरेंद्र की शिकायत पर राई थाना में मामला दर्ज हुआ था। आरोपियों ने कई युवकों को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 60 लाख रुपये ठग लिए थे। मामले में एक आरोपी को पहले ही अदालत दोषी ठहरा चुकी है, जबकि दूसरे आरोपी की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो चुकी है। आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 13 जुलाई को पुरुलिया से आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे सोनीपत लाकर पूछताछ करेगी।

# खेलकूद स्कूल की महिला कर्मचारी ने अधिकारी पर उत्पीड़न के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ पीड़िता ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत कई अधिकारियों को भेजी शिकायत, राई खेल स्कूल की आंतरिक समिति ने शुरू की जांच

राई स्थित खेलकूद विद्यालय की एक महिला कर्मचारी ने संस्थान के एक अधिकारी पर कार्यस्थल पर उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### कार से टक्कर मारने की धमकी

शिकायत के बाद विद्यालय प्रशासन ने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के माध्यम से जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और विरोध करने पर उसके साथ प्रतिशोधात्मक व्यवहार किया गया। महिला ने शिकायत में छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े कुछ मुद्दे भी उठाए हैं।

साथ ही आरोप लगाया कि उसे डराने-धमकाने और कार से टक्कर मारने तक की धमकी दी गई। उसने बताया कि 7 जुलाई को ई-मेल के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य अधिकारियों को भेजी थी।

विद्यालय की प्राचार्य एवं निदेशक ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति को सौंप दिया गया है। समिति दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर चुकी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई और आरोपों पर निर्णय लिया जाएगा।

# बारिश ने फिर खोली निगम की पोल चंद घंटों में ही जलमग्न हुआ शहर

बरसात से किसानों को राहत तो शहर की ड्रेनेज व्यवस्था पूरी तरह फेल, 18 से फिर भारी बारिश की संभावना

• राई और मुरथल के पास एनएच-44 पर घंटों जाम, सुबह पांच बजे बारिश थमने के बाद भी दोपहर तक सड़कों और कॉलोनियों में भरा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत में सोमवार देर रात शुरू हुई मानसूनी बारिश मंगलवार सुबह तक रुक-रुककर होती रही। महज कुछ घंटों की बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सुबह करीब पांच बजे बारिश थमने के बावजूद दोपहर तक शहर की प्रमुख सड़कें, गलियां और निचले इलाके पानी में डूबे रहे। जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

राई और मुरथल के पास नेशनल हाईवे-44 पर पानी भरने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और घंटों तक यातायात रेंगता रहा। शहर के गीता भवन चौक, मिशन चौक, शनि मंदिर मार्ग, बत्रा कॉलोनी, सेक्टर-23, ककरोई रोड, सूरी पेट्रोल पंप क्षेत्र और तीन नलकों वाली गली समेत कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। कई निचले मकानों में गंदा पानी घुस गया।

लोगों का आरोप है कि मानसून से पहले करोड़ों रुपये खर्च कर नालों और सीवरों की सफाई के दावे केवल कागजों तक सीमित रहे। सीवर से निकाला गया गाद समय पर नहीं उठाया गया, जो बारिश में दोबारा नालों में




ककरोई रोड का नजारा...

बहकर जल निकासी व्यवस्था को ठप कर गया। स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर वर्ष मानसून से पहले बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में शहर तालाब बन जाता है। जलभराव के कारण कई दुपहिया चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हुए।

हालांकि, यही बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई। जिले में करीब 90 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई का लक्ष्य है और बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने के कारण किसानों को सिंचाई पर होने वाले डीजल और बिजली खर्च से राहत मिलेगी। बरसात से किसानों को काफी फायदा होगा।



मिशन चौक पर जलभराव

मौसम विभाग ने 18 जुलाई से जिले में फिर भारी बारिश की संभावना जताई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि तब तक ड्रेनेज सिस्टम और डिस्पोजल पंप दुरुस्त नहीं किए गए तो निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो सकती है।

मंगलवार को सोनीपत में 25, 26 और खरखौदा में 4 एमएम बारिश हुआ। गोहाना, गन्नौर और खानपुर कलां बादल नहीं बरसे। बरसात के कारण अधिकतम तापमान 34.5 और न्यूनतम तापमान, 23.8 सेल्सियस दर्ज किया गया। बरसात के कारण लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली।

# मारुति फैक्ट्री कर्मचारी पर हमला, डंडे से हाथ तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

■ खांडा निवासी मोहित का दो बाइकों पर सवार युवकों ने रास्ता रोका
■ डंडा मारकर फोन तोड़ा, धमकी देकर हुए फरार

मारुति सुजुकी कंपनी से ड्यूटी कर घर लौट रहे एक कर्मचारी पर 4-5 अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। गांव खांडा निवासी मोहित ने पुलिस को बताया कि रात करीब 12.15 बजे ड्रेन नंबर-8 के पास दो बाइक पर सवार युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया।

आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और डंडे से वार कर उसका बायां हाथ तोड़ दिया। हमलावर उसका मोबाइल फोन भी तोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को पहले खरखौदा के सरकारी अस्पताल और बाद में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एल्डिको सिटी के सूने फ्लैट से जेवर और नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ क्षेत्र की एल्डिको सिटी में चोरों ने एक सूने फ्लैट का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी कर ली। फ्लैट मालिक 76 वर्षीय हरपाल गोस्वामी एक सप्ताह से घर से बाहर गए हुए थे।

पड़ोसियों की सूचना पर लौटने पर उन्होंने घर का सामान बिखरा पाया। चोर अलमारी से सोने के आभूषण, चांदी का सिक्का और 15 हजार रुपये की नकदी ले गए। सीसीटीवी फुटेज में दोपहर करीब 2.30 से 3.30 बजे के बीच वारदात होना सामने आया है। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सुपर-100 : 115 में से 66 ने दी लेवल-1 परीक्षा

■ 17 को आएगा परीक्षा का परिणाम, 19 को होगा लेवल-2 का आयोजन

■ ऑब्जेक्टिव आधारित रहा परीक्षा का स्वरूप, कुल 200 अंकों के पूछे गए 50 बहुविकल्पीय प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए मंगलवार को लेवल-1 परीक्षा आयोजित की गई। सोनीपत में मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया।

जिले के पंजीकृत 115 विद्यार्थियों में से 66 ने परीक्षा दी, जबकि 49 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर 12 से 1:30 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा ऑब्जेक्टिव आधारित रही, जिसमें गणित विषय के 200 अंकों के 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक गलत उत्तर पर एक अंक की निगेटिव मार्किंग भी लागू रही। परीक्षा के नकलरहित संचालन के लिए जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।



**सोनीपत।** परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह।

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि लेवल-1 का परिणाम 17 जुलाई को घोषित होगा। सफल अभ्यर्थी 19 जुलाई को कुरुक्षेत्र स्थित सुपर-100 परिसर में लेवल-2 परीक्षा देंगे, जबकि अंतिम परिणाम 23 जुलाई को जारी किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की कक्षाएं 25 जुलाई से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सुपर-100 योजना में 100 सीटें बढ़ाकर कुल 500 कर दी गई हैं। चयनित विद्यार्थियों को आवासीय व्यवस्था के साथ जेईई और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाएगी। वर्ष 2018 से संचालित इस योजना के तहत अब तक 374 विद्यार्थी आईआईटी, एम्स, मेडिकल और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा चुके हैं।

# राहत : अगवानपुर रोड पर तैयार हो रहा नया जलघर

**गन्नौर।** शहर में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अगवानपुर रोड पर तीन एमएलडी क्षमता का नया जलघर तैयार कर रहा है। इस जलघर में करीब 30 लाख लीटर नहरी पानी संग्रहित किया जा सकेगा। पानी का उपचार होने के बाद अगवानपुर रोड, गांधी नगर, पांची रोड और गढ़ी झंझारा क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। जलघर में पानी के भंडारण के लिए दो स्टोरेज टैंक बनाए जा रहे हैं। साथ ही जल उपचार संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां नहरी पानी की स्क्रीनिंग, अवसादन, स्कंदन, फिल्ट्रेशन और क्लोरीनेशन की प्रक्रिया के बाद ही पेयजल की आपूर्ति होगी। इससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। विभाग गन्नौर रोड स्थित मौजूदा जलघर की क्षमता भी बढ़ा रहा है। यहां दो अतिरिक्त स्टोरेज टैंक बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा बड़ी रोड और तहसील के पास दो नए बूस्टिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी का दबाव बेहतर रहेगा। जनस्वास्थ्य विभाग के अनुसार पहले 21 दिन बाद सात दिन तक नहरी पानी मिलता था, लेकिन अब 32 दिन बाद केवल आठ दिन ही आपूर्ति हो रही है।

# चार मरला और आनंद नगर में बिछेगी नई सीवरेज लाइन



**सोनीपत।** वार्ड नंबर-14 के चार मरला और आनंद नगर क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पांच गलियों में नई सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। विधायक निखिल मदान, नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा निगम पार्षद किरण राजेंद्र चांदना ने नारियल फोड़कर विकास कार्य की शुरुआत की। विधायक निखिल मदान ने बताया कि 72 लाख रुपये की लागत से पहले वार्ड नंबर-11 में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था। कल्याण नगर में यह कार्य पूरा होने के बाद उसी टेंडर के तहत बचा हुआ कार्य अब चार मरला और आनंद नगर में कराया जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को सीवरेज संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर निगम पार्षद किरण चांदना, राजेंद्र चांदना, जवाहर लाल चांदना, बलबीर सिंह आर्य, सुरेंद्र आर्य, चरणजीत मनचंदा, विनोद सेठी, जसवंत डाबरा व अन्य मौजूद रहे।



# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

## लाइफ Style



# आलिया


## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।

## हॉलीवुड मसाला



# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।



# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुम: एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।




## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है। प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।




# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।



# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

### कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

### कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### *जान लेने की कोशिश की थी।*

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं :*** *गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप


गोहाना। मनोनीत नए पदाधिकारियों को सम्मान प्रकट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पीड़ित पशु गोशाला में किया हवन

**गोहाना।** राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट, लावारिस पशु पीड़ित पशु गोशाला में मंगलवार को अमावस्या के दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया गया। हवन में पं. विजेंद्र शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डलवाई। हवन प्रक्रिया पूण होने के उपरात भूपेंद्र सिंह ठेकेदार को महासचिव व अशोक आर्य को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। दोनों का फलों की मालाओं से स्वागत किया गया।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### अटल टिंकरिंग लैब संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सोनीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मण में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के प्रभावी संचालन के लिए ब्लॉक सोनीपत के प्रधानाचार्यों और नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने निरीक्षण कर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और अटल टिंकरिंग लैब के बेहतर संचालन पर बल दिया।


सोनीपत। नशा कर रहे युवकों को ओएसटी सेंटर लेकर पहुंचे पुलिस कर्मी।

### नशे की लत से जूझ रहे 20 युवकों को कराया भर्ती

**सोनीपत।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मंगलवार को अनेजा अस्पताल के सामने स्थित खुले मैदान में कार्रवाई करते नशा कर रहे करीब 15 से 20 युवकों को पकड़कर सिविल अस्पताल स्थित ओएसटी सेंटर में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार शुरू कराया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि खुले मैदान में युवक सार्वजनिक रूप से नशा कर रहे हैं।

### अनअप्रूव्ड प्लाट की रजिस्ट्री की शिकायत पर जांच प्रारंभ

**गन्नौर।** तहसील गन्नौर में अनअप्रूव्ड प्लाट की रजिस्ट्री को लेकर की गई शिकायत पर प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। एसडीएम गन्नौर ने मामले की सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित करते शिकायतकर्ता समेत चार पक्षों को संबंधित रिकार्ड के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। गुमड़ निवासी आरटीआई कार्यकर्ता सहदेव सिंह ने उपायुक्त सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक शिकायत दी थी।

# महिलाओं-पुरुषों के लिए एक ही रक्त जांच काउंटर बढ़ा रहा भीड़

## नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। यहां मरीजों के लिए सुविधा के नाम पर बदहाल व्यवस्था मरीजों के समक्ष परेशानी का कारण बन रही है। मंगलवार को रक्त जांच करवाने पहुंचे मरीजों को एक घंटे से ज्यादा समय तक लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ा। पुरुष रक्त जांच काउंटर बंद होने के चलते पुरुषों को महिला काउंटर पर ही लाइन में लगना पड़ा। ऐसे में एक ही पंजीकरण काउंटर का संचालन होने से बढ़ी भीड़ से मरीजों को काफी परेशानी से दो-चार होना पड़ा। बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 2000 मरीज अपना इलाज करवाने के लिए पहुंचते हैं। जांच करवाने आए मरीजों व उनके परिजनों ने बताया कि अस्पताल में सुविधा के लिए रक्त जांच का समय सुबह 8 से 11 बजे तक ही निर्धारित है, जो प्रतिदिन मरीजों की संख्या के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। अस्पताल में रोजाना करीब 500 से ज्यादा मरीजों को रक्त जांच के लिए परामर्श दिया जाता है, ताकि उनका इलाज शुरू हो सके, लेकिन काउंटर व स्टाफ कर्मियों की कमी के कारण जांच प्रक्रिया बेहद धीमी पड़ रही है। ऐसे में पहले पर्ची बनवाने, फिर रक्त जांच और इसके बाद मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए अलग-अलग कतारों में लगना पड़ता है, जिससे मरीजों का आधा दिन अस्पताल में ही बीत जाता है। ऐसे में उमस भरी गर्मी के बीच काफी समय तक लाइन में खड़े रहने से खासकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है।


सोनीपत। नागरिक अस्पताल में रक्त जांच के लिए काउंटर पर इंतजार करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं

अस्पताल पहुंची निर्मला, तुषार, पवन, निर्मल ने बताया कि सुबह वह रक्त जांच कराने अस्पताल पहुंचे, तो चिकित्सक ने तीन और जांच कराने का परामर्श दिया, लेकिन पंजीकरण काउंटर और रक्त जांच लैब दोनों जगह लंबी कतारें लगी रही। काफी देर तक लाइन में खड़े रहने के बावजूद उनका नंबर नहीं आ पाया। बुखार होने के बावजूद लंबे समय तक लाइन में खड़े रहना पड़ा। जब पुरुषों व महिलाओं के लिए एक ही काउंटर है, तो रक्त जांच का समय बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि सभी मरीजों की जांच समय पर हो सके। लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की, कि अस्पताल में रक्त जांच की समय अवधि को बढ़ाया जाए, अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं और पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की जाए। यदि व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए, तो मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगी।


सोनीपत। सेक्टर 23 में विरोध जताते हुए स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

# बिजली कटौती के विरोध में लोगों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने दी बिल नहीं भरने की चेतावनी

लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान लोगों ने मंगलवार रात सेक्टर-23 में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की। संजय बड़वासनिया ने कहा कि उपभोक्ता हजारों रुपये के बिजली बिल भर रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही। कई-कई घंटे बिजली कटने से आमजन, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के कारण भी शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है। ठेका कर्मचारियों को हटाने का असर अब साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और गांवों में भी लंबे समय तक बिजली नहीं मिल रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिजली विभाग ने जल्द व्यवस्था नहीं सुधारी तो लोगों को संगठित कर बिजली बिल का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान निगम पार्षद राजेश मलिक और निगम पार्षद राजकुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

# पावर ग्रिड के मुआवजे को लेकर किसानों का धरना 37वें दिन जारी

- छह गांवों के प्रभावित किसानों ने भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना क्षेत्र के गांव गुहणा में पावर ग्रिड की 400 केवी सोनीपत-जाजी-शिवानी हाई टेंशन लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर किसानों का धरना मंगलवार को 37वें दिन भी जारी रहा। धरने में गुहणा, जाजी, मोहाना, भैसवाल, बिलबिलाण और आवली गांव के प्रतिनिधि एवं प्रभावित किसान शामिल हैं। धरनारत किसानों का कहना है कि पावर ग्रिड के वैल्यूवर द्वारा उनकी जमीन का मूल्यांकन बहुत कम किया गया है। उनका आरोप है कि वर्तमान बाजार दर के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा, जबकि यह क्षेत्र एनसीआर के फ्री जोन में आता है और यहां फैक्ट्री, गोदाम तथा शोरूम तेजी से विकसित हो रहे हैं।


सोनीपत। धरने पर मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# सात गांवों में डीएसआर फसल का किया भौतिक सत्यापन

- खंड कथूरा में 15703 हेक्टेयर क्षेत्र में डीएसआर धान की बिजाई का पंजीकरण, किसानों को फायदे भी बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा धान की डीएसआर (सीधी बिजाई वाली फसल) का भौतिक सत्यापन कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।

विभाग के खंड कथूरा के बीएओ डॉ. संजीत मलिक के नेतृत्व में मंगलवार को सुपरवाइजर मनीषा और फील्डमेन बिजेंद्र की टीम ने खंड कथूरा के गांव रिंढाना, धनाना, मदीना, भंडेरी, छपरा, कथूरा और बनवासा में फसल फसल का भौतिक सत्यापन किया। टीम ने किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के फायदे भी बताए। विभाग में खंड कथूरा की सुपरवाइजर मनीषा के अनुसार इस बार खंड कथूरा में किसानों द्वारा 15703 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की सीधी बिजाई का रिकॉर्ड पंजीकरण करवाया गया है। आधुनिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में डीएसआर एक प्रभावी तकनीक साबित हो रही है। इससे न केवल पानी की लागत कम होती है अपितु फसल उत्पादन पर खर्च भी काफी कम आता है और पैदावार अच्छी होती है। विभाग द्वारा 30 जुलाई तक फसल का भौतिक सत्यापन कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मनीषा ने किसानों को बताया कि धान की रोपाई करने पर पानी की लागत बहुत अधिक होती और फसल उत्पादन पर खर्च भी अधिक आता है। प्रत्येक वर्ष भू-जल स्तर का गिरना एक बड़ी चिंता का विषय है। भू-जल संरक्षण के लिए किसान डीएसआर विधि से धान की फसल का उत्पादन करके अपनी आय में वृद्धि करें।


गोहाना। गांव रिंढाना में धान की फसल का भौतिक सत्यापन करते हुए विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। विवि में धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिनियुक्ति विवाद पर कर्मचारी यूनियन धरने पर बैठी

**सोनीपत।** मुरथल स्थित विश्वविद्यालय में सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर मीनाक्षी की प्रतिनियुक्ति के मुद्दे को लेकर विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन ने मंगलवार से कुलपति कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना शुरू कर दिया। यूनियन का आरोप है कि सक्षम प्राधिकारी से प्रतिनियुक्ति की अनुमति मिलने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ड्राफ्ट को स्वीकृत नहीं कर रहा और दो बार अनुचित आपत्तियां लगाई गई हैं। यूनियन प्रधान सुरेश पुट्ठी ने बताया कि मामले के समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मिलने का समय मांगा था, लेकिन प्रशासन ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि कर्मचारियों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। यूनियन ने मांग की है कि मीनाक्षी की प्रतिनियुक्ति का ड्राफ्ट तुरंत स्वीकृत किया जाए, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक संवाद शुरू किया जाए और भविष्य में स्वीकृत मामलों में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद किया जाए। कर्मचारी यूनियन ने स्पष्ट किया कि जब तक कुलपति प्रतिनिधिमंडल से वार्ता नहीं करते और प्रतिनियुक्ति संबंधी ड्राफ्ट को मंजूरी नहीं मिलती, तब तक धरना जारी रहेगा। यूनियन ने प्रशासन से बातचीत के जरिए जल्द समाधान निकालने की अपील की है, ताकि विश्वविद्यालय का कार्य प्रभावित न हो।

### ज्ञानवर्धक मॉडल पेश कर विद्यार्थियों ने दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विज्ञान, गणित, कंप्यूटर व सामाजिक विषयों पर आधारित एक दिवसीय मॉडल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। छात्र-छात्राओं ने अपने आकर्षक मॉडलों का आत्मविश्वास के साथ धाराप्रवाह प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विशेष रूप से इन मॉडलों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर पहुंचे अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा की। बेहतर मॉडल बनाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर विद्यार्थियों के समग्र विकास पर केंद्रित होनी चाहिए।


सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में आयोजित मॉडल प्रदर्शनी में अपने मॉडलों के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### कुकिंग विदाउट फायर कार्यक्रम, बच्चों ने दिखाया हुनर

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को मिडल विंग के विद्यार्थियों के लिए कुकिंग विदाउट फायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क और पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान छात्रों ने परिजनों के साथ मिलकर बिना आग का उपयोग किए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। स्कूल का कॉरिडोर पूरे समय उत्साह और उमंग से भरा रहा। विद्यार्थियों ने फलों से बनी आकर्षक डिश, सलाद, सैंडविच तथा अन्य कई प्रकार के व्यंजन तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने व्यंजनों की सुंदर सजावट के साथ उनके पौष्टिक गुणों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। निदेशक समीक्षा पंवार ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा और उनकी मेहनत, रचनात्मकता तथा प्रस्तुति की प्रशंसा की।


सोनीपत। प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ स्कूल निदेशक, प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### केडी इंटरनेशनल में सुरक्षा पर कार्यक्रम



**खरखौदा।** केडी इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित वरिष्ठ अधिवक्ता शिवम अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों, गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में अपनाए जाने वाले उचित कदमों की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्या तृप्ति नेगी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, जागरूक एवं निर्भीक बनने के लिए प्रेरित किया।

### 30 साल पुराने विवाद का सुलह से समाधान



**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा आयोजित समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत)-2026 के तहत लगभग 30 वर्ष पुराने भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद का आपसी सहमति से समाधान किया गया। यह मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित था। विवाद स्वर्गीय टेक चंद उर्फ टेकन और उनके परिवार से जुड़ा था, जो वर्ष 1995 से उचित मुआवजा पाने के लिए विभिन्न न्यायालयों में कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र, सोनीपत में आयोजित प्री-लोक अदालत बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी।

### आषाढ़ अमावस्या पर सिरसाढ़ में किया पौधरोपण



**गोहाना।** आषाढ़ माह की अमावस्या के दिन मंगलवार को गांव सिरसाढ़ में स्थित भगवान विश्वकर्मा भवन में पौधरोपण किया। ग्रामीणों ने भवन के परिसर में अशोक के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा आषाढ़ माह और आषाढ़ अमावस्या के शुभ मुहूर्त पर पौधारोपण करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। वर्षा ऋतु की शुरुआत के चलते इस समय लगाए गए पौधे जल्दी पनपते हैं। आषाढ़ माह की अमावस्या के दिन पौधारोपण करना धार्मिक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टियों से पुण्यदायी भी माना जाता है।

**कार्यक्रम** मंदिर परिसर में 15 जुलाई को भगवान जगन्नाथ के नेत्र दर्शन के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# बाबा धाम सिद्धपीठ में अखंड संकीर्तन के साथ भगवान जगन्नाथ महोत्सव का आगाज

ओडिशा के पुरी से 250 श्रद्धालुओं का दल सोनीपत पहुंचा, पुरी की तर्ज पर निभाई जाएंगी रस्में

- बाबा धाम सिद्धपीठ से जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर 16 जुलाई को निकाली जाएगी भव्य रथयात्रा, प्रदेश ही नहीं, देशभर के श्रद्धालु होंगे शामिल, मॉरिशियस की टीम करेगी जगत के नाथ का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कामी रोड स्थित बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर में अखंड सकीर्तन के साथ भगवान जगन्नाथ महोत्सव का आगाज हो चुका है। सोमवार शाम को ओडिशा के पुरी से 6 विद्वान ब्राह्मणों सहित करीब 250 श्रद्धालुओं का दल पहुंचने के बाद मंदिर परिसर में अखंड संकीर्तन शुरू किया गया। इससे पहले अलसुबह श्रीगणेश पूजन व हवन के बाद पुरी के श्रद्धालुओं ने दिनभर अखंड संकीर्तन से भगवान जगन्नाथ महोत्सव की शुरुआत की। यह अखंड संकीर्तन भगवान जगन्नाथ की यात्रा संपन्न होने तक जारी रहेगा। पुरी से आए श्रद्धालु बारी-बारी से संकीर्तन कर जगत के नाथ का गुणगान करेंगे। जगन्नाथ महोत्सव को लेकर बाबा धाम में पूजा-पाठ व संकीर्तन का दौर शुरू हो गया है। मंदिर परिसर में तीन दिन जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा-अर्चना की जाएगी। क्षेत्र के श्रद्धालु भी जगन्नाथ महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए बाबा धाम पहुंचने लगे हैं। भगवान जगन्नाथ बुधवार को 15 दिन बाद अपने गर्भ गृह से बाहर आएंगे। मंदिर परिसर में नेत्र दर्शन के तहत भगवान जगन्नाथ की मंत्रोच्चारण से पूजा-अर्चना की जाएगी। पुरी के श्रद्धालुओं व कलाकारों का दल पारंपरिक वेशभूषा में रीति-रिवाज से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा।



सोनीपत। बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर में पूजा-अर्चना करते ब्राह्मण तथा अखंड संकीर्तन करते पुरी के श्रद्धालुओं का दल।

#### जगन्नाथ का गुणगान

बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर में अखंड संकीर्तन के साथ जगन्नाथ महोत्सव प्रारंभ हो चुका है। पुरी का दल रथयात्रा संपन्न होने तक लगातार संकीर्तन कर जगन्नाथ का गुणगान करेगा। शहरवासियों को भी हर वर्ष जगन्नाथ उत्सव का इंतजार रहता है। तीन दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर पूजा-अर्चना कराई जाएगी। 16 जुलाई को प्रभु नगर भ्रमण पर निकलेंगे।
**-राकेश कुच्छल, संस्थापक, बाबा धाम सिद्धपीठ, सोनीपत**

#### जगत के नाथ के दर्शन के लिए शहरवासी ललायित

जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर 16 जुलाई को निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में शामिल होने व भगवान जगन्नाथ के दर्शन को लेकर शहरवासी अभी भी ललायित नजर आ रहे हैं। हर वर्ष काफी शहरवासी यात्रा में शामिल होकर अपने हाथों से रस्सी खींचकर प्रभु जगन्नाथ के रथ का संचालन करते हैं। साथ ही पुरी के कलाकारों अपनी पारंपरिक वेशभूषा में रथ के आगे संकीर्तन करते हुए चलेंगे।

#### वृंदावन के भक्त करेंगे 56 भोग तैयार, धर्ममय होगी पांडव नगरी

रथयात्रा से पूर्व भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा को छप्पन भोग लगाया जाएगा। इसके लिए खासकर वृंदावन के भक्तों को छप्पन भोग तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शोभायात्रा में अनेक देवी-देवताओं की झांकी भी शामिल होंगी। अधिकतर आकर्षक झांकियां पंजाब के पटियाला, उत्तर प्रदेश के रूड़की व दिल्ली से शामिल होंगी।

### रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया



**सोनीपत।** स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत एचआरएस नॉर्थ ने मंगलवार को प्रीतम सिवाच अकादमी, सोनीपत में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता रैली और स्वच्छता किट वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने परिसर की सफाई की, पौधे लगाए और रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अंकेश कुमार श्रीवास्तव ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया।

### कबड्डी हॉल: 10.44 करोड़ रुपये बजट आवंटित


विधायक इंदुराज नरवाल।

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव रिंढाणा में खिलाड़ियों के लिए मल्टीपरपज कबड्डी हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। हॉल निर्माण के लिए 10 करोड़ 44 लाख 16 हजार रुपये का बजट आवंटित कर दिया गया है। हॉल का निर्माणकार्य बहुत ही जल्द शुरू करवाया जाएगा। मंगलवार को यह जानकारी बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने दी। विधायक ने कहा कि मल्टीपरपज कबड्डी हॉल का निर्माण करवाने के लिए वे पिछले साढ़े पांच साल से प्रयास कर रहे हैं। अब उनका यह प्रयास रंग लाया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर हॉल निर्माणकार्य शुरू करवाया जाएगा। इंदुराज नरवाल के अनुसार गांव रिंढाणा में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उनके द्वारा विधानसभा के प्रत्येक सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने तीन लोगों को लगाई लाखों की चपत

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों ने एक बार फिर ऑनलाइन लेनदेन और डिजिटल सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ठगों ने फर्जी चालान फाइल, शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच और एटीएम पर मदद के बहाने लोगों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित थानों में मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बढ़मलिक निवासी चंद्र सिंह ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके परिचित के नाम से सेव नंबर से व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान की एपीके फाइल भेजी गई।

### जैन स्थानक में मुनियों का चातुर्मासिक प्रवेश आज

**गन्नौर।** जैन मुनियों के चातुर्मास को लेकर बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। चातुर्मास के लिए कविरत्न सुनील मुनि महाराज, वीरेंद्र मुनि महाराज और अरहम मुनि महाराज का किशनपुरा स्थित जैन स्थानक में प्रवेश होगा। गौरव जैन ने बताया कि बुधवार सुबह सात बजे नई अनाज मंडी से मुनि महाराजों की शोभायात्रा जैन स्थानक के लिए रवाना होगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु मुनि महाराजों का स्वागत करेंगे और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चातुर्मास के दौरान मुनि महाराजों के सानिध्य में नियमित प्रवचन, धर्म सभाएं, स्वाध्याय, तप, त्याग और अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## हाइड्रोजन ट्रेन से शुरू होगा स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक परिवहन का नया युग

# पीएम का दौरा प्रदेश के विकास को देगा नई रफ्तार : डॉ. अरविंद

*हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे प्रधानमंत्री*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई को जींद आगमन हरियाणा के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। प्रधानमंत्री जींद की धरती से प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे और देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत को हरित एवं आधुनिक परिवहन के नए युग में प्रवेश कराएंगे। जींद रैली ईको फ्रैंडली रहोगी, जिसे लेकर आमजन,कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। मंगलवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सिंचाई विश्राम गृह मे पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। डबल इंजन सरकार की नीतियों का परिणाम है कि आज हरियाणा देश के सबसे तेजी से



**गोहाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है। मंत्री ने कहा कि जींद से गोहाना होते हुए सोनीपत तक चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा प्रदेश में रिकॉर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश की निरंतरता को दर्शाता है। इस अवसर पर मार्किट कमेटी गोहाना चेयरमैन कृष्ण सैनी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खुराना, भूपेन्द्र मुदगिल, डॉ रमेश कश्यप, नरेन्द्र गहलावत, राजकुमार शर्मा व कुलदीप कौशिक उपस्थित रहे।

### हाइड्रोजन ट्रेन शुभारंभ को लेकर तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर सोनीपत जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंगलवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि जिले का मुख्य कार्यक्रम सोनीपत रेलवे स्टेशन पर होगा। इसके अलावा गोहाना, लाठ और मोहाना रेलवे स्टेशनों पर भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।



#### अधिकारियों को दिए निर्देश

*उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि गोहाना रेलवे स्टेशन के लिए गोहाना एसडीएम, लाठ के लिए खरखौदा एसडीएम और मोहाना के लिए गन्नौर एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी अधिकारियों को रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर लगभग 200 विद्यार्थियों की सहभागिता रहेगी। सोनीपत रेलवे स्टेशन पर बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा अमित कुमार, पीजीआई खानपुर के अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र दून, सीटीएम सिमरन, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जीएम रोडवेज संजय कुमार आदि रहे।*

### देश को मिलेगी नई पहचान : अनिल

**सोनीपत।** पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी ने कहा कि 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने इसे देश और हरियाणा के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया। अनिल झरोठी ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन से भारत आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेगा और विश्व स्तर पर नई पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया, वहीं अब केंद्र सरकार पेट्रोलियम पर निर्भरता कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहनों के बाद अब हाइड्रोजन से ट्रेन चलाना देश की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ हरियाणा की धरती से होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।



### महिला मोर्चा ने रैली का दिया निमंत्रण



**खरखौदा।** भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सन्नी दहिया व स्नेह लता के नेतृत्व में खरखौदा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों से संपर्क कर उन्हें 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सन्नी दहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। स्नेह लता ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री की जींद रैली को लेकर मंडल अध्यक्षों व प्रभारियों की बैठक



**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित रैली को लेकर मंगलवार को गन्नौर मार्केट कमेटी के सभागार में भाजपा गन्नौर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला संयोजक आजाद नेहरा और भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने सभी वाहन चालकों और कोर्डिनेटरों से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा तय समय से पहले रैली स्थल पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में राजपुर मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, पुरखास मंडल अध्यक्ष संजय गौतम, गन्नौर मंडल अध्यक्ष अजय जैन, दातौली मंडल अध्यक्ष गौरव कामरा, राजपुर मंडल प्रभारी दिनेश अत्री, मंडल महामंत्री सुरेंद्र बारोटा, दीपक नैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक कादियान ने वार्ड 6 में गली निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**गन्नौर।** शहर के वार्ड 6 स्थित गढ़ी केसरी रोड से लगती गली नंबर 3 के निर्माण कार्य का मंगलवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने शुभारंभ कराया। गली निर्माण पर करीब 12 लाख रुपये खर्च होंगे। गली बनने के बाद स्थानीय लोगों को जर्जर गली और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शहर और गांवों में सड़क, गली, पेयजल और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य तय समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। वार्ड पार्षद अजय सरोहा ने बताया कि गली लंबे समय से खस्ताहाल थी। बारिश के दौरान जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। इस अवसर पर अंकित मल्होत्रा, राजपाल, अमित त्यागी, सुनील पटवारी, हरीश सहरावत, नीरज कौशिक, तरुण चुघ आदि मौजूद रहे।

### प्रताप स्कूल के गौतम एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए वियतनाम रवाना

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के होनहार खिलाड़ी गौतम का 90–95 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु 10 वीं सीनियर एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।



गौतम

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 23 जुलाई तक वियतनाम के डोंग नाई प्रांत में आयोजित की जाएगी। गौतम का चयन श्रीनगर में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ है। गौतम का खेल सफर अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। वे अब तक छह बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता रह चुके हैं। हाल ही में आयोजित 14 वीं सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और निरंतर मेहनत के दम पर उन्हें भारतीय टीम में स्थान मिला है। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर ओम प्रकाश दहिया, संस्थापक सत प्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच जगमेंद्र पांचाल ने गौतम को शुभकामनाएं देते हुए भारत के लिए स्वर्णिम प्रदर्शन करने का आशीर्वाद देकर रवाना किया।

## बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों का मेयर ने किया निरीक्षण

**नालियों और जालियों की करवाई सफाई**



**सोनीपत।** जलभराव की समस्या दूर करवाते हुए मेयर राजीव जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बीती रात हुई भारी बारिश के बाद शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की शिकायतें मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन मंगलवार सुबह विभिन्न इलाकों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर जालियों और सीवर की सफाई करवाई, जिससे पानी की निकासी शुरू हो सकी।

मेयर सबसे पहले गीता भवन पहुंचे, जहां जालियों में कचरा फंसा होने से पानी जमा था। इसके बाद उन्होंने बत्रा कॉलोनी जाने वाले मार्ग, सेक्टर-23 की मुख्य सड़क और ककरोई रोड का भी निरीक्षण किया। ककरोई रोड पर नई मोटर में कचरा फंसा मिलने पर उन्होंने ठेकेदार को तुरंत मोटर निकालकर सफाई कराने के निर्देश दिए। सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में भी कर्मचारियों से जालियां साफ करवाई गईं। राजीव जैन ने कहा कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि निगम कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है ताकि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी न हो।

## कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में अनुशासन पर जोर : दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में मंगलवार को कांग्रेस की मासिक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया ने की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, वार्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है। अब प्रत्येक माह कार्यकारिणी की बैठक नियमित रूप से आयोजित की




**सोनीपत।** बैठक के दौरान मंचासीन कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी।

जाएगी। यदि कोई पदाधिकारी बिना उचित कारण लगातार पांच बैठकों से अनुपस्थित रहता है तो उस कार्यकर्ता पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पार्टी की बैठकों में सभी कार्यकर्ताओं का उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह निर्देश पार्टी आलाकमान की ओर से जारी किए गए हैं और सभी पदाधिकारियों को इनका पालन करना होगा। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर भी चर्चा की गई। दोनों जिलाध्यक्षों ने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने वार्डों में जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, अमनदीप, संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल, कोषाध्यक्ष नीटू दहिया, जिला पार्षद जयसिंह मलिक, जिला पार्षद संत अंतिल, महासचिव देवेंद्र शर्मा, राजेश सेवली, बिन्नी भारद्वाज, सचिव पायल मलिक, सीमा वर्मा, हरिओम सरोहा, कुलदीप देशवाल, बबला मलिक, अंकित मेहता, नरेंद्र हुड्डा, रविंद्र (भोला), विक्की, जगशेद नूरनखेड़ा, रणदीप दहिया, सन्नी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करने का संकल्प लिया।

## गीतेश रोहिल्ला सर्वसम्मति से चुने कार्यवाहक अध्यक्ष

*सेवानिवृत्ति के बाद दिलराज मलिक ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक मंगलवार को शहर में जींद रोड स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र धीमान ने की। बैठक का मुख्य ऐजेंडा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिलराज मलिक के सेवानिवृत्त होने पर उन्होंने अपने वर्तमान पद से त्यागपत्र दे दिया। उनके स्थान पर सर्वसम्मति से गीतेश रोहिल्ला कार्यवाहक अध्यक्ष चुने गए।



**गोहाना।** नए पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर विचारविमर्श करते हुए कर्मचारी।

निवर्तमान अध्यक्ष दिलराज मलिक को मुख्य सलाहाकार और राजेश बागड़ी को उपाध्यक्ष चुना गया। ये दोनों नियुक्तियां भी सर्वसम्मति से की गई। इस मौके पर राज्य महासचिव अमरीक सिंह चट्टा, राज्य चैयरमेन रणबीर दलाल, राज्य प्रैस सचिव सुभाष भट्टी, जिला अध्यक्ष रामलाल, राकेश त्यागी, राजकर्ण शर्मा, राजकुमार शर्मा, दिलबाग सैनी, मनोज कुमार, सुशील भारद्वाज, आदि मौजूद रहे।



### पोशाक प्रतियोगिता में अनीत अनाया, हनी और अयान प्रथम

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर की गांव मुंडलाना स्थित शिशुवाटिका–3 में विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन एवं विद्यालय के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पोशाक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वच्छ एवं सुसज्जि वेशभूषा में प्रतिभागिता की। इसमें प्रथम स्थान अनीत, अनाया, हनी एवं अयान, द्वितीय स्थान कास्वी एवं अन्वी जबकि तृतीय स्थान नक्ष एवं रवीत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता, अनुशासन एवं नियमित रूप से निर्धारित विद्यालयी वेशभूषा में विद्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसयूएजी सेक्टर-7 पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध पिस्तौल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नितिन निवासी गांव गढ़ी ब्राह्मण, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को मुख्य सिपाही प्रदीप अपनी टीम के साथ खरखौदा बाईपास पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि खांडा मोड़ पर एक युवक अवैध पिस्तौल लेकर किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से एक पिस्तौल बरामद हुई। लाइसेंस मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## लोक नृत्य, संगीत और स्किट प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# गढ़ी घसीटा विद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव के विजेताओं को किया सम्मानित

*प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, गढ़ी घसीटा में विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य अतुल कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन दो वर्गों में किया गया। पहले वर्ग में कक्षा पांचवीं से आठवीं और दूसरे वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के



**सोनीपत।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या।

विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोक नृत्य (एकल), लोक नृत्य (समूह), संगीत और स्किट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

#### सांस्कृतिक गतिविधियां सर्वांगीण विकास में अहम

प्रधानाचार्य अतुल कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। समारोह में विद्यालय प्रभारी रेखा रानी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### जीवीएम की छात्राओं का एमए भूगोल में शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक द्वारा घोषित सत्र 2024-25 के एमए भूगोल प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कॉलेज की पांच छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-20 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। कॉलेज की छात्रा काफी ने 1200 में से 1031 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। खुशी ने 1030 अंक के साथ चौथा, तनिषा ने 1011 अंक के साथ 13वां, करुणा ने 992 अंक के साथ 18वां तथा देविका ने 986 अंक प्राप्त कर 20वां स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भूगोल विभागाध्यक्ष डा. पिंकी ने भी सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस सफलता में विभाग की शिक्षिकाओं कविता, शिवानी, मनीषा, नैन्सी तथा डा. मनीषा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।